देखने की योजना बनायें

# संयुक्त राज्य अमेरिका का संसद भवन

U.S. CAPITOL
पर्यटक केंद्र
www.visitthecapitol.gov

## गुम्बद जीर्णोद्धार परियोजना

अमेरिका के संसद भवन के गुम्बद के बाहरी और भीतरी भाग को उसके मूल रूप में लाने के लिए गुम्बद जीर्णोद्धार परियोजना पर काम चल रहा है. पिछली बार बड़ी मरम्मत 1959-1960 में हुई थी, ढलवां लोहे का गुम्बद मौसम और उम्र के प्रभावों से पीड़ित है, जिसमें ज़ंग लगना और दरारें आना शामिल है.

इस काम में ढलवां लोहे से बने ऐतिहासिक अवयवों का जीर्णोद्धार, बाहरी भाग को ऋतु-सह बनाना, टूटी खिड़कियों को बदलना, और जोखिमपूर्ण सामग्री को हटाना शामिल हैं. इस परियोजना के दौरान पाड़ बाँधने की ज़रुरत होगी, और रोटंडा के भीतर सुरक्षा-जालियां टांगी जाएँगी. रोटंडा एक बड़ा, गुम्बद से ढंका, वृत्ताकार कक्ष है जिसका व्यास 96 फीट और ऊंचाई 180 फीट है , और जो संसद भवन की दूसरी मंज़िल पर स्थित है.

परियोजना को 2017 में अमेरिका के राष्ट्रपति के शपथ-ग्रहण समारोह से पहले पूरा कर लेने की योजना है.



**गुम्बद जीर्णोद्धार परियोजना पर काम के कुछ चरणों के दौरान, रोटंडा में पाड़ और कला-कृतियों की सुरक्षा के लिए ढांचे लगे हो सकते हैं.**

## संयुक्त राज्य अमेरिका का संसद भवन और देश की संसद

**संयुक्त राज्य अमेरिका का संसद भवन** एक स्मारक है, एक सक्रिय कार्यालय भवन है, और विश्व में **प्रतिनिधिक लोकतंत्र** के सर्वाधिक अभिज्ञेय प्रतीकों में से एक है.

वैधानिक बहस और समझौते के ज़रिये, **अमेरिका की संसद क़ानून बनाती है** जो राष्ट्र के लोगों के दैनिक जीवन को प्रभावित करते हैं. विधायी प्रक्रिया की जानकारी देने के लिए यह सुनवाइयां आयोजित करती है, कार्यकारी शाखा के निरीक्षण के लिए जाँच-पड़ताल करती है, और संघीय सरकार में जनता की तथा राज्यों की आवाज़ के रूप में कार्य करती है.

**संसद संघीय सरकार की विधायी शाखा है** जो अमेरिका के लोगों का प्रतिनिधित्व करती है और राष्ट्र के क़ानून बनाती है. यह कार्यकारी शाखा, जिसका नेतृत्व राष्ट्रपति करता है, और न्यायिक शाखा, जिसका उच्चतम निकाय अमेरिका का सर्वोच्च न्यायालय है, के साथ अधिकार साझा करती है. सरकार की तीन शाखाओं में से, संसद ही एक मात्र वह शाखा है जो सीधे **जनता द्वारा** चुनी जाती है.



**संयुक्त राज्य अमेरिका का संसद भवन**



**प्रतिनिधि सभा का कक्ष**



**सेनेट का कक्ष**

**जो अमेरिका के राष्ट्रिक नहीं हैं वे भी, संसद भवन पर्यटक केंद्र की ऊपरी मंज़िल पर स्थित सेनेट या प्रतिनिधि सभा के भेंट-व्यवस्था डेस्कों से, निःशुल्क अनुमति पत्र लेकर प्रतिनिधि सभा या सेनेट के कक्ष देखने आ सकते हैं.**

---

**धारा I** –जो कि **अमेरिका के संविधान** की सबसे लम्बी धारा है -- संसदीय अधिकारों का वर्णन करती है. संसद को क़ानून बनाने, युद्ध की घोषणा करने, सार्वजनिक धन उगाहने और उपलब्ध करने तथा उसके व्यय पर निगरानी रखने, संघीय अधिकारियों पर महाभियोग लगाने और न्यायिक जाँच करने, राष्ट्रपतीय नियुक्तियों का अनुमोदन करने तथा कार्यकारी शाखा द्वारा बातचीत के ज़रिये तय की गई संधियों का अनुमोदन करने का अधिकार है.

संसद दो संस्थाओं में विभक्त है: **प्रतिनिधि सदन और सेनेट**. संसद के दोनों सदनों की संघीय सरकार में समान किन्तु अद्वितीय भूमिकाएं हैं.

अमेरिका का संसद भवन **नव-क्लासिकी वास्तुकला** का उल्लेखनीय नमूना है. प्राचीन यूनान और रोम से लिए गए इसके डिज़ाइन उन आदर्शों का स्मरण कराते हैं जिन्होंने उस समय देश के संस्थापकों का दिशा-निर्देश किया जब वे अपने नए गणराज्य का ढांचा तैयार कर रहे थे. इस भवन के भीतर आपको शानदार चित्र, मूर्तियाँ, और ललित कला के अन्य नमूने मिलेंगे जो **अमेरिका के इतिहास** के विभिन्न दौरों को चित्रित करते हैं.

## संसद भवन राष्ट्र के मंच के रूप में

संसद भवन वह स्थल है जहाँ राष्ट्र की कुछ **सबसे महत्वपूर्ण सार्वजनिक घटनाएँ** आयोजित होती हैं, गंभीरता भरे स्मृति समारोहों से ले कर चार जुलाई स्वतंत्रता दिवस के जोश भरे संगीत समरोहों तक. रोटंडा में, निस्तब्ध शोकाकुल लोगों ने राष्ट्रपतियों और अन्य हस्तियों को श्रद्धांजलि अर्पित की है जिनके पार्थिव शरीर अंतिम दर्शनों के लिए भव्य गुम्बद के नीचे रखे गए. **राष्ट्रपति शपथ-ग्रहण समारोह** संसद भवन के पश्चिमी प्रांगण में आयोजित होते हैं और यहाँ विशिष्ट व्यक्तियों को **संसदीय स्वर्ण पदक** प्रदान किये जाते हैं. और, गुम्बद की छाया में, यह स्थल राष्ट्र का सर्वाधिक सार्वजनिक मंच है. अकेले भाषणकर्ताओं से ले कर प्रदर्शनकारियों की भारी भीड़ तक, लोग यहाँ आते हैं कि उन्हें सुना जाये.



संसदभवन पर्यटक केंद्र संयुक्त राज्य अमेरिका के संसद भवन का मुख्य प्रवेश द्वार है.




अंग्रेज़ी के अतिरिक्त अन्य भाषाओं में विवरणिकाओं को पीडीएफ़ फ़ाइल के रूप में डाउनलोड किया जा सकता है www.visitthecapitol.gov/brochures पर जा कर.



अंग्रेज़ी के अतिरिक्त अन्य भाषाओं में पर्यटक विवरणिकाएं पर्यटक केंद्र में उपलब्ध हैं.

# संसद भवन भ्रमण

**आरक्षण** –संसद भवन के भ्रमण पर कोई शुल्क नहीं है. आरक्षण पहले से कराया जा सकता है, या तो ऑन-लाइन पहले से आरक्षण की व्यवस्था के ज़रिये या पर्यटक सेवा कार्यालय के ज़रिये (202) 226-8000 पर.

**संसद भवन भ्रमण अनुमतिपत्र – जब आप संसद भवन पर्यटक केंद्र पर पहुंचें, यदि आपने भ्रमण के लिए आरक्षण करवा रखा है** और आरक्षण पुष्टि अथवा पुष्टि नंबर आपके पास है, तो कृपया **संसद भवन का भ्रमण अनुमतिपत्र लेने के लिए** सूचना डेस्क पर जाएँ जो निचली मंज़िल में दाहिनी ओर स्थित है. यह एक स्टिकर होता है जिसे धारण करना होता है ताकि सुरक्षा कारणों से यह शिनाख्त सुगम हो कि आप एक पर्यटक दल का हिस्सा हैं.

यदि आप संसद भवन पहुंचें और आपने संसद भवन के भ्रमण के लिए पहले से समय आरक्षित नहीं करवा रखा है, तो कृपया पर्यटक केंद्र की निचली मंजिल में बायीं ओर स्थित सूचना डेस्क के आगे **"सार्वजनिक पैदल पंक्ति"** की ओर जाएँ. उसी दिन के लिए भ्रमण अनुमतिपत्र अभी भी उपलब्ध हो सकते हैं. कृपया जान लें कि भ्रमण के लिए वसंत और ग्रीष्म ऋतु जैसे सबसे व्यस्त दिनों के दौरान, उसी दिन के भ्रमण अनुमतिपत्र अपेक्षतः कम संख्या में उपलब्ध हो सकते हैं, और लम्बे समय तक प्रतीक्षा करनी पड़ सकती है.

**कृपया ध्यान दें:** *अमेरिका के संसद भवन के भ्रमण अननुसूचित रूप से स्थगित किये जा सकते हैं. इस बारे में सूचना www.visitthecapitol.gov पर तथा सोशल मीडिया पर उपलब्ध होगी.*

**संसद भवन के भ्रमण के दौरान क्या अपेक्षा करें -** अमेरिका के संसद भवन के भ्रमण व्यवसायी पर्यटक गाइडों द्वारा अंग्रेज़ी में संचालित किये जाते हैं. ऐतिहासिक संसद भवन के ये संचालित भ्रमण 13 मिनट की एक परिचायक फिल्म से शुरु होते हैं. "अनेकों में से, एक" शीर्षक वाली यह फिल्म विश्व के सबसे पहले सच्चे प्रतिनिधिक लोकतंत्र की स्थापना के इस देश के संघर्ष की संक्षिप्त यात्रा पर आपको ले जाती है और उस आलिशान इमारत से परिचय कराती है जिसमें संयुक्त राज्य अमेरिका की संसद का निवास है. संसद भवन का सामान्य भ्रमण पर्यटकों को क्रिप्ट, रोटंडा, और राष्ट्रीय मूर्तिसंग्रह हॉल से हो कर ले जाता है. *सुरक्षा कारणों से, सभी पर्यटकों को सलाह दी जाती है कि कृपया हर समय अपने पर्यटन-गाइड (जिसने लाल कोट पहना हुआ है) के साथ ही रहें.*

**इस परिचायक फिल्म के संसद भवन-भाषा अनुवाद के लिए श्रवण उपकरण** संसदभवन पर्यटक केंद्र में सूचना डेस्कों पर उपलब्ध हैं, और उनके लिए अनुरोध किया जा सकता है. श्रवण उपकरणों के लिए फिलहाल उपलब्ध भाषाएँ हैं: स्पैनिश, फ्रेंच, जर्मन, जापानी और मैन्डरिन. *(श्रवण उपकरण के लिए कोई फ़ीस नहीं है, लेकिन हर उपकरण के लिए पासपोर्ट को छोड़ एक अन्य सचित्र पहचान-पत्र की आवश्यकता है और उसे तब तक के लिए सूचना डेस्क पर ही छोड़ना होगा जब तक कि श्रवण उपकरण लौटा नहीं दिया जाता.)*

**साथ ले चलने वाली संसदभवन भ्रमण विवरणिकायें,** जो भ्रमण की सुर्ख़ियों की भी जानकारी देती हैं, पर्यटकों के लिए पर्यटक केंद्र की निचली मंज़िल में सूचना डेस्कों पर उपलब्ध हैं और संसद भवन भ्रमण शुरू करते समय पर्यटक गाइडों से प्राप्त की जा सकती हैं. फिलहाल उपलब्ध भाषाएँ हैं: अम्हरिक, अरबी, चीनी, फ्रेंच, जर्मन, हिन्दी, इतालवी, जापानी, कोरियाई, पुर्तगाली, रूसी, स्पैनिश,और विअतनामी. *(कृपया अपना भ्रमण पूरा हो जाने के बाद विवरणिकायें अपने पर्यटक गाइड को लौटा दें ताकि अन्य पर्यटकों को इस सूचना तक पहुँच प्राप्त हो सके.)*



इमैन्सिपेशन हॉल, जो कि पर्यटक केंद्र का प्रमुख क्षेत्र है, और इमैन्सिपेशन हॉल में स्थापित बलुआ पत्थर से बने दास-श्रम स्मरणात्मक चिन्हक, उस भूमिका को स्वीकार करते हुए नामित किए गए थे जो संसद भवन के निर्माण में दास-श्रमिकों ने निभाई थी.

## प्रतिनिधि सभा और सेनेट दीर्घाएं

**प्रतिनिधि सभा और सेनेट दीर्घाएं -** सेनेट और प्रतिनिधि सभा की दीर्घाएं उस समय पर्यटकों के लिए खुली हैं जब इन सदनों का सत्र चल रहा हो, लेकिन अमेरिकी संसद भवन भ्रमण के अंग के रूप में ये दीर्घाएं शामिल नहीं हैं. दोनों में से किसी भी दीर्घा में प्रवेश के लिए अनुमति पत्र की आवश्यकता होती है. भ्रमण के लिए आने वाले अमेरिकी राष्ट्रिक अपने प्रतिनिधि या सेनेटरों के कार्यालय से दीर्घा के लिए अनुमति-पत्र प्राप्त कर सकते हैं. अन्तर्राष्ट्रीय पर्यटक प्रतिनिधि सभा और सेनेट के भेंट-व्यवस्था डेस्कों पर पूछ-ताछ कर सकते हैं जो संसद भवन पर्यटन केंद्र की ऊपरी मंज़िल पर स्थित हैं.




यह जानने के लिए कि सेनेट दीर्घा खुली है या नहीं, कृपया (202) 224-0057 पर कॉल करें.

प्रतिनिधि सभा और सेनेट दीर्घाओं में प्रवेश के लिए द्वार संसद भवन पर्यटक केंद्र की ऊपरी मंजिल पर हैं (प्रवेश द्वार चलती सीढ़ियों की दोनों ओर स्थित हैं).

## प्रदर्शनी हॉल संग्रहालय

**प्रदर्शनी हॉल संग्रहालय -** इस प्रदर्शनी हॉल में विश्व की एक मात्र ऐसी प्रदर्शनी स्थित है जो संयुक्त राज्य अमेरिका की संसद और अमेरिका के संसद भवन की कहानी बयान करने को समर्पित है. प्रदर्शनी हॉल में ऐसे मूल दस्तावेज़ और कलाकृतियाँ, वीडियो, छू सकने वाले प्रतिमान, कंप्यूटर पर सवाल-जवाब, और दो छोटे रंगशाला कक्ष मौजूद हैं जो पर्यटकों को संसद भवन और संसद के इतिहास, तथा संसद कैसे काम करती है इस बारे में गहन जानकारी देते हैं, और साथ ही प्रतिनिधियों एवं सेनेटरों के बारे में सूचना भी देते हैं. इसका प्रवेश द्वार पर्यटक केंद्र की निचली मंज़िल पर स्वतंत्रता की मूर्ति के सफ़ेद प्लास्टर के बड़े से प्रतिमान के पीछे स्थित है.




भ्रमण अनुमति-पत्र (स्टिकर्स) मुफ्त मिलते हैं और संसद भवन के भीतर भ्रमण पर जाने के लिए अनिवार्य हैं. ये इमैन्सिपेशन हॉल में सूचना डेस्कों पर उपलब्ध हैं.

संसदभवन के संचालित भ्रमण 13-मिनट की एक परिचायक फिल्म से शुरू होते हैं. अंग्रेज़ी के अतिरिक्त अन्य भाषाओं में इस फिल्म के अनुवाद के लिए श्रवण उपकरण संसद भवन पर्यटक केंद्र में सूचना डेस्कों पर उपलब्ध हैं, और उनके लिए अनुरोध किया जा सकता है. अन्य आगंतुकों के लिए एक शिष्टाचार के रूप में फिल्म शुरू होने से पहले, कृपया अपने सेल फोन बंद कर दें। थिएटर में कोई फोटोग्राफी की अनुमति नहीं है।






अंग्रेज़ी के अतिरिक्त 13 भाषाओं में, साथ ले चलने वाली भ्रमण विवरणिकायें आप सूचना डेस्कों से या आपने पर्यटक गाइड से प्राप्त कर सकते हैं. कृपया भ्रमण शुरू होने से पहले इस बारे में पूछ-ताछ करें.

**विशेष गतिविधियाँ -** पर्यटक केंद्र में विशेष भ्रमण, वार्ताएं, और परिवार-कार्यक्रम अक्सर उपलब्ध होते हैं. ये अंग्रेज़ी भाषा में "दिस वीक एट कैपिटल विज़िटर सेंटर" शीर्षक वाले इश्तहार में प्रकाशित किये जाते हैं जो www.visitthecapitol.gov और सोशल मीडिया के ज़रिये उपलब्ध है.

## पर्यटक सूचना

**समय -** संसद भवन पर्यटक केंद्र, जो कि पर्यटकों के लिए संसद भवन में प्रवेश का मुख्य द्वार है, सोमवार से शनिवार तक सुबह 8.30 से ले कर शाम 4.30 बजे तक खुला रहता है, केवल इन अमेरिकी छुट्टी के दिनों को छोड़ कर: आभार दिवस, क्रिसमस दिवस, नववर्ष दिवस, और अमेरिकी राष्ट्रपति का शपथ ग्रहण दिवस. संसद भवन का अंतिम भ्रमण प्रतिदिन तीसरे पहर 3.20 पर शुरू होता है.

**पर्यटक प्रवेश -** पर्यटकों को प्रवेश के लिए संसद भवन पर्यटक केंद्र से गुज़रना होता है जो कि संसद भवन के पूर्व की ओर पूर्वी चौक के नीचे पहली स्ट्रीट और पूर्व कैपिटल स्ट्रीट पर – सर्वोच्च न्यायालय और संसदीय पुस्तकालय की टॉमस जैफ़रसन इमारत के सामने सड़क पार स्थित है. आवश्यक सुरक्षा एवं जाँच-पड़ताल प्रक्रिया के कारण और पर्यटन की सबसे व्यस्त अवधियों के दौरान लम्बे इंतज़ार की सम्भावना को ध्यान में रखते हुए, यह सलाह दी जाती है कि आप अपना भ्रमण शुरू होने से कम-से-कम 45 मिनट पूर्व वहां पहुँच जाएँ और ऐसा कोई सामान साथ न लायें जो संसद भवन में वर्जित है.

**सुरक्षा -** संसद भवन की पर्यटक नीतियां पर्यटकों और कर्मचारियों को सकुशल और सुरक्षित रखने तथा इस ऐतिहासिक स्थल और इमारत को और इसके संग्रहों और सुविधाओं को आने वाली पीढ़ियों के लिए संजोए रखने की आवश्यकता को ध्यान में रख कर तैयार की गई हैं.



प्रदर्शनी हॉल का प्रवेश द्वार सफ़ेद प्लास्टर से बने स्वतंत्रता की देवी के प्रतिमान के पीछे स्थित है. इस नमूने से बनाई गयी स्वतन्त्रता की देवी की कांस्य प्रतिमा संसद भवन के गुम्बद के ऊपर स्थापित है.

### सुरक्षा जाँच-पड़ताल

***संसद भवन आने वाले सभी पर्यटकों के लिए सुरक्षा जाँच-पड़ताल से गुज़रना अनिवार्य है.***

*निम्नलिखित वस्तुएं, संसद भवन पर्यटक केंद्र सहित, संसद भवन में लाना वर्जित है:*



- **तरल पदार्थ, जिसमें पानी शामिल है**
- **किसी भी प्रकार की खाद्य सामग्री, जिसमें फल और अनखुले पैकेट में बंद खाद्य पदार्थ शामिल हैं**
- कोई भी बैग जो 18 इंच चौड़ाई, 14 इंच ऊंचाई और 8.5 इंच गहराई से ज़्यादा बड़ा हो.
- एअरोसोल पात्र
- एअरोसोल-मुक्त स्प्रे (चिकत्सीय आवश्यकताओं के लिए नुसखों की अनुमति है.)
- **बन्दूकें, प्रतिकृति बन्दूकें, बिजली की अचेतक बन्दूकें, गोली-बारूद, और आतिशबाज़ी**
- **किसी भी आकार के चाकू**
- **लाठी और मिर्च-फुहारा**
- युद्धकला हथियार या उपकरण
- ब्लेड और उस्तरे



चलने-फिरने की समस्याओं से ग्रस्त या हाथ से चलने वाली पहिया-कुर्सियों पर निर्भर लोगों के लिए संसद भवन के अहाते में शटल-सेवा उपलब्ध है.



रेस्टोरेन्ट पर्यटक केंद्र की निचली मंज़िल पर स्थित है.



दो उपहार दुकानें हैं जो पर्यटक केंद्र की ऊपरी मंज़िल पर स्थित हैं.

संसद भवन पर्यटक केंद्र में प्रवेश से पहले, हर पर्यटक की एक चुम्बकत्व-मापी यन्त्र से जांच की जाती है, और उन सभी चीज़ों की, जिन्हें इमारत में ले जाने की अनुमति है, एक एक्सरे उपकरण से जाँच की जाती है. संसद भवन पर्यटक केंद्र सहित, संसद भवन में कुछ चीज़ों की सख्त मनाही है. कृपया देखें पृष्ठ 5 पर ख़ाने में दी गई सूची या निषिद्ध वस्तुएं.

अमेरिकी संसद भवन की पुलिस को उस सूरत में छूट देने का अधिकार है यदि यह पाया जाय कि निषिद्ध वस्तु बच्चे की देखभाल, चिकित्सीय अथवा अन्य विशेष ज़रूरतों के लिए आवश्यक और अनिवार्य है. अमेरिका के संसदभवन की पुलिस थैलों की तलाशी ले सकती है.

**सुगम्यता -** पर्यटक संसद भवन पर्यटक केंद्र के लाल कोट या वास्कट धारी किसी भी कर्मचारी से, या प्रमुख द्वार के भीतर आते ही कोट रखवाने के स्टेशनों में से किसी पर पहिया-कुर्सी के लिए अनुरोध कर सकते हैं. *पहिया-कुर्सी उधार लेने के लिए पासपोर्ट को छोड़ एक अन्य सचित्र पहचान-पत्र की आवश्यकता है. कोट रखवाने का स्टेशन प्रतिदिन शाम 4.15 पर बंद हो जाता है.*

भ्रमण के लिए इंगित-भाषा में अनुवाद उपलब्ध है, यदि पहले से बुकिंग करा दी गई हो.

फिल्मों और प्रदर्शनी का अंग्रेज़ी भाषा में वर्णन करने वाले श्रवण-उपकरण सूचना डेस्कों पर उपलब्ध हैं. सभी फिल्मों में खुले अंग्रेज़ी अनुशीर्षक हैं. विवरणिकाओं की ब्रेल भाषा, मोटी छपाई, और एचटीएमएल ढाचों में प्रतियाँ इमैन्सिपेशन हॉल में सूचना डेस्कों पर उपलब्ध हैं.

चलने-फिरने की समस्याओं से ग्रस्त या हाथ से चलने वाली पहिया-कुर्सियों पर निर्भर लोगों के लिए संसद भवन के अहाते में शटल-सेवा उपलब्ध है. शटल वाहन इन्डीपेंडेंस एवेन्यू एवं फर्स्ट स्ट्रीट एस-डब्ल्यू पर संसद भवन चौक के दक्षिण पश्चिमी कोने से संसद भवन के पूर्वी चौक पर संसद भवन पर्यटक केंद्र के प्रवेश द्वार तक ले जाते हैं.

संसद भवन पर्यटक केंद्र में सभी शौचालय विकलांग सुविधाओं से सज्जित हैं.

**संसदीय विकलांग सुविधा-सेवाओं संबंधी कार्यालय** से सम्पर्क के लिए (202) 224-4048 (स्वर) या (202) 224-4049 (टीटीवाई) **पर कॉल करें.**

**फ़ोटोग्राफी -** पर्यटक केंद्र में कैमरा लाने की अनुमति है. लेकिन प्रदर्शनी हॉल संग्रहालय में प्रदर्शित ऐतिहासिक मूल दस्तावेज़ों की हिफाज़त के लिए वहां फोटो लेने की सख्त मनाही है. संसद भवन भ्रमण के शुरु में दिखाई जाने वाली परिचय-फिल्म के प्रदर्शन के दौरान फ़ोटोग्राफी की इजाज़त नहीं है. संसद भवन भ्रमण में क्रिप्ट, रोटंडा, और राष्ट्रीय मूर्तिसंग्रह हॉल में फ़ोटोग्राफी की अनुमति है.

## संसद भवन पर्यटक केंद्र

**रेस्टोरेन्ट** - रेस्टोरेन्ट निचली मंज़िल पर है और वहां सोमवार से शनिवार तक सुबह 8-30 से 11.00 बजे तक यूरोपीय नाश्ता और 11.00 से शाम 4.00 बजे तक मध्याह्न-भोजन उपलब्ध होता है. रेस्टोरेंट में ताज़ा बने सूप, सलाद, विशिष्ट भोज्य-पदार्थ, पीत्ज़ा, सैन्डविच, मिठाइयां,और पेय पदार्थ खरीदे जा सकते हैं जो अमेरिका की विविधतापूर्ण प्रचुरता को प्रतिबिम्बित करते हैं.

**उपहार दुकानें** - उपहार दुकानें ऊपरी मंज़िल पर हैं और सोमवार से शनिवार तक सुबह 9 से शाम 4.30 बजे तक खुली रहती हैं. उपहार दुकानों में संसद भवन की कला और वास्तुकला की धरोहरों से प्रेरित चीज़ों के अनूठे चुनिन्दा नमूने, आमोद-प्रमोद एवं शैक्षणिक उपहार, पुस्तकें, गहने, और विशेष रुप से डिज़ाइन किये गए दिलकश उत्पाद मौजूद हैं जो कहीं और उपलब्ध नहीं.



संसद भवन का पश्चिमी अग्रभाग राष्ट्रीय मॉल के सामने है.

# अधिक जानकारी के लिए

*(निम्नलिखित साधन अंग्रेज़ी में हैं)*

## ऐप्स




apps.visitthecapitol.gov

संसद भवन पर्यटक केंद्र का **रोटंडा ऐप** पर्यटकों को निम्नलिखित के लिए उपाय उपलब्ध करता है:

- 360-डिग्री चित्रण की सहायता से रोटंडा का आभासी भ्रमण करना
- रोटंडा में मौजूद हर मूर्ति और पेंटिंग के बारे में जानना
- रोटंडा की छत पर अंकित भित्तिचित्र को निकट से देखना
- रोटोंडा में किस तरह के समारोह होते हैं इस बारे में जानकारी प्राप्त करना … तथा और भी बहुत कुछ.

**संसद भवन पर्यटक केंद्र के अन्य ऐप्स**
में शामिल हैं पर्यटक गाइड, संसद भवन में राज्य मूर्तियों की संदर्शिका, और युवाओं के लिए एक साधन “माई कैपिटल”.
ये सभी ऐप स्टोर तथा गूगल प्ले पर उपलब्ध हैं.

## सोशल मीडिया

Twitter@visitthecapitol
संयुक्त राज्य संसदभवन यू ट्यूब चैनल
फेस बुक पर संयुक्त राज्य कैपिटल विज़िटर सेंटर



“माई कैपिटल” छात्रों के लिए प्रदर्शनी हॉल का एक स्वसंचालन-गाइड है जिसमें संसद और संसद भवन के बारे में ऐतिहासिक पृष्ठभूमि, तथा विचार-विमर्श को प्रोत्साहन देने के लिए प्रश्न, और गतिविधियाँ शामिल हैं. माता-पिता और अध्यापक “माई कैपिटल” पुस्तकें पर्यटक केंद्र की ऊपरी मंज़िल पर कोट रखवाने के उत्तरी स्टेशन से ले सकते हैं. यह पीडीएफ रुप में ऑन-लाइन उपलब्ध है. “माई कैपिटल” ऐप, ऐप स्टोर तथा गूगल प्ले पर उपलब्ध है. इस पुस्तिका के सभी रूपान्तर अंग्रेज़ी भाषा में हैं.



इमैन्सिपेशन हॉल में तथा पूरे संसद भवन में स्थापित मूर्तियाँ इस देश की विविधता और इसके राष्ट्रिकों द्वारा किए गए योगदानों का प्रतिनिधित्व करती हैं.



लायब्रेरी ऑव कॉंग्रेस की टॉमस जैफ़रसन इमारत का ग्रेट हॉल.



संयुक्त राज्य अमेरिका का वनस्पति उद्यान

## उपयोगी लिंक

*(निम्नलिखित वेबसाइटें अंग्रेजी में हैं.)*

**यू एस कैपिटल विज़िटर सेन्टर:** www.visitthecapitol.gov

**संसद भवन का आर्किटेक्ट:** www.aoc.gov

**यू एस सेनेट:** www.senate.gov

**यू एस प्रतिनिधि सदन:** www.house.gov

**लायब्रेरी ऑव कौंग्रेस:** www.loc.gov

**यू एस बौटनिक गार्डन:** www.usbg.gov

**सुप्रीम कोर्ट:** www.supremecourt.gov

**स्मिथसोनियन:** www.smithsonian.com



CVC 14-029 EDITION I